बीजापुर के मिनी स्टेडियम में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

बीजापुर जिला भी अब विकास की ओर अग्रसर -कलेक्टर

बीजापुर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार) । विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन बीजापुर के मिनी स्टैडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ वासियों को 34 हजार 427 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। प्रधानमंत्री के संदेश को जिले वासियों ने तन्मयतापूर्वक सुना, कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा माँ भारती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन कर किया गया पश्चात स्कूली छात्राओं द्वारा धरती कहे पुकार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना से विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ और बीजापुर जिला भी विकसित होने की ओर अग्रसर है। बीजापुर जिले के जांगला गांव से आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2018 में किया गया था। यह गर्व का विषय है कि बीजापुर जिले से शुभारंभ हुई योजना आज पूरे देश में संचालित है और हितग्राही उनसे लाभान्वित हो रहे हैं। बीजापुर जिले को केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से विकास की ओर ले जाऐंगे। हमारी पहली प्राथमिकता शासन की सभी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को चेक, सामग्री एवं अन्य प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया जिसमें नवीन राशन कार्ड, उज्जवला गैंस कनेक्सन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण सहित राज्य पोषित कम्यूनिटी फेसिंग योजना के तहत अनुदान राशि प्रदाय किया गया।

जावंगा ऑडिटोरियम में हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल कार्यक्रम

✷ हितग्राहियों को विधायक अटामी ने वितरण किया नवीनीकृत राशन कार्ड

दंतेवाड़ा, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार) । विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के जिला स्तरीय कार्यक्रम आज गीदम स्थित ऑडिटोरियम जावंगा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने के लिए हितग्राहियों महिलाओं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में ने कहा कि आप सभी ने हमें जो आशीर्वाद दिया इसी का परिणाम है कि आज हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आपके बीच आये हैं। गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति के सशक्तिकरण से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा।

हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनाना चाहते हैं। आज ही राजनांदगांव और भिलाई में बहुत बड़े सोलर प्लांट्स का लोकार्पण किया गया है। इसमें ऐसी व्यवस्था है जिससे रात में आसपास के लोगों को बिजली मिल सकेगी।

कार्यक्रम के अंत में विधायक चैतराम अटामी द्वारा हितग्राहियों को नवीनीकृत राशन कार्ड का भी वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंति वेक, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर श्री हिमाचंल साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री शिवनाथ बघेल, अतिरिक्त सीईओ श्री मिथिलेश किसान, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं और युवा उपस्थित थे।

हत्याकांड का खुलासा

रानी पठारिया की मृत्यु सर्पदंश से नहीं कांट्रेक्ट कीलिंग थी

कांकेर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। कांकेर जिले के बांदे थाना क्षेत्र में 08 माह पूर्व स्व. रानी पठारिया की सर्पदंश से हुयी मृत्यु सामान्य मौत नहीं अपितु कॉन्ट्रेक्ट कीलिंग थी । पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जीवन बीमा की राशि हड़प करने के लिये नाती आकाश पठारिया तथा बीमा एजेन्ट तारक देवनाथ ने रची थी हत्या की साजिश। प्रार्थी राजेश खसवा निवासी कापसी थाना पखांजूर द्वारा अपनी चाची स्व. रानी पठारिया पति स्व. बदरी पठारिया निवासी थाना बादें जिला कांकेर की मई 2023 में सर्पदंश से हुई मृत्यु के संबंध में विगत 02 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कार्यालय पखांजूर में शिकायत पत्र प्रेषित किया कि उनकी चाची स्व. रानी पठारिया की मृत्यु सांप काटने से हुई सामान्य मौत नहीं है बल्कि उसके पीछे जीवन बीमा कराकर क्लेम की राशि प्राप्त करने के लिये स्व. रानी पठारिया की हत्या की साजिश रची गयी है। शिकायत अत्यंत गंभीर प्रकृति की होने के कारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पखांजूर डॉ. प्रशांत शुक्ला ने इसे त्वरित जांच में लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. एलेसेला को अवगत कराकर जांच हेतु मार्गदर्शन लिया एवं शिकायत के तथ्यों की जांच प्रारंभ की।

संपूर्ण शिकायत जांच पर गवाहों से लिये गये बयान के आधार पर यह तथ्य प्रकट हुआ कि स्व. रानी पठारिया की मृत्यु सर्पदंश से दुर्घटनावश हुयी सामान्य मृत्यु नही अपितु स्व. रानी पठारिया का जीवन बीमा कराकर क्लेम की राशि हड़पने के उद्देश्य से आपराधिक षडयंत्र रचकर उनकी सुनियोजित तरीके से हत्या की गयी है जिसे आकाश पठारिया एवं जीवन बीमा एजेंट तारक देवनाथ ने मिलकर रचा था एवं उसे अंजाम दिया। आकाश पठारिया ने तारक देवनाथ के साथ मिलकर उसकी नानी स्व. रानी पठारिया के नाम पर एक्सीडेन्टल पॉलिसी लेकर उसे किसी सपेरे को कान्ट्रेक्ट देकर जहरीले साँप से डसवाकर मारने का तथा उसे दुर्घटना का रूप देकर उनके बीमा की दोगुनी क्लेम राशि प्राप्त करने का प्लान बनाया।

इस प्लान में आकाश पठारिया ने सपेरे को ढूंढ़कर उसे कान्ट्रेक्ट देने एवं हत्या को दुर्घटना का रूप देने की जिम्मेदारी ली तथा तारक देवनाथ ने रानी पठारिया का एक्सीडेन्टल बीमा के लिये आवश्यक कागजात तैयार करवाने से लेकर बिना किसी अवरोध के क्लेम की राशि प्राप्त कराने की जिम्मेदारी ली। आकाश ने रानी पठारिया की दिनांक 26.12.2022 को 03 लाख रुपये वार्षिक प्रीमियम वाली पालिसी कराने के बाद सपेरे पप्पू राम नेताम को उसके जहरीले सांप से रानी पठारिया को डसवाने के लिये 30 हजार रूपये में ठेका दिया और घटना दिनांक 02 मई 2023 को संबलपुर में सपेरे के डेरा में ले जाकर अपनी नानी को सांप से डसवाकर वापस बादें घर ले आया और इस हत्या को दुर्घटना का रुप दे दिया। हत्या के कुछ ही महीनों बाद तारक देवनाथ के प्रयास से दिनांक 15.11.2023 को क्लैम की राशि 01 करोड़ 02 लाख रुपये प्राप्त हो गयी।

स्व. रानी पठारिया की सर्पदंश करवाकर सुनियोजित तरीके से उनकी जीवन बीमा राशि को हड़प करने तथा इस हत्या को दुर्घटना का रुप देने के आपराधिक षड़यंत्र में थाना बांदे में अपराध क्रमांक 16/2024 धारा 302, 420, 201, 120 बी भादवि पंजीबद्ध कर आरोपियान आकाश पठारिया, तारक देवनाथ, पप्पु राम नेताम को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियों से बैंक खाता पासबुक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पालिसी पेपर्स, ज्वेलरी, हत्या में प्रयुक्त वाहन स्कार्पियों, मोटर सायकल, दस लाख रूपये नगद, दो नग सांप एवं जड़ी-बुटी जप्त किया गया।

विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में जिले के अनेक हितग्राही लाभान्वित

नारायणपुर, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)। वकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन जिले के बालक क्रीड़ा परिसर खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें एलईडी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विकास विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत 7 लाख रूपये का ऋण वितरण किया गया। इसी प्रकार राजस्व विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र और 3 हितग्राहियों को किसान किताब वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को राश्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत 20.20 हजार रूपये का सामग्री प्रदाय तथा 2 हितग्राहियों को बैटरी चलित ट्राईसाईकिल प्रदाय किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 23 कृशकों को सब्जी बीज मिनीकिट जन प्रतिनिधियों के द्वारा प्रदाय किया गया।

नगर पालिका परिशद नारायणपुर के अंतर्गत निवास करने वाले रहवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त 5 हितग्राहियों को 37.600-37.600 रूपये वितरण किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा नर बकरा योजनांतर्गत देशी बकरियों में प्राकृतिक गर्भादान के माध्यम से नस्ल सुधार हेतु 6 हितग्राहियों को अनुदान राशि प्रदाय किया गया तथा उन्नतमादा मत्सपालन हेतु 2 हितग्राहियों को मादावत्स के भरण पोशण हेतु 4 से 14 माह के आयु तक के लिए पशु आहार अनुदान राशि वितरण किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 10 नये राशन कार्डधारियों को नवीनीकृत राशन वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम जिला पंचायत सदस्य प्रताप मण्डावी किसान मोर्चा अध्यक्ष दशरूराम उसेण्डी नगर पालिका परिशद के नेता प्रतिपक्ष जैकी कश्यप सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दुकानों में की खाद्य सामग्रियों की जाँच

✷ एक्सपायर खाद्य सामग्रियों को मौके पर ही नष्ट किया गया नष्ट

कोण्डागांव, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार) । कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार कोण्डागांव शहर में खाद्य सामाग्री बेचने वाले खाद्य व्यवसायियों की दुकानों में मोबाईल फूड लैब की टीम के साथ जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन ने निरीक्षण किया। इस दौरान दल ने 10 दुकानों से 72 नमूनों की जांच की गई। जिसमें अधिकांश बच्चों द्वारा खाये जाने वाली खाद्य सामाग्रियां थीं। कुछ दुकानों में मिथ्याछाप कैण्डी, टॉफी, चॉकलेट्स आदि पाई गई जबकि कुछ में एक्सपायरी खाद्य सामाग्रियां पाई गई, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराने की कार्यवाही की गई साथ ही व्यापारियों को इस प्रकार के खाद्य सामाग्रियों की खरीदी बिक्री न करने के सख्त निर्देश दिये गए। इसके पूर्व भी एक खाई खजाना बेचने वाली दुकान आकांक्षा गारमेंट्स का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक के पास वैध लाइसेंस नहीं पाया गया। जिस पर उनके विरुद्ध प्रकरण तैयार किया गया और नमूना संकलन कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

✷ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में पहुँचे लोग



सुकमा, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार) । केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज सुकमा जिले के मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक उपस्थित हुए।

जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में धनीराम बारसे, सोयम मुक्का, हुंगाराम मरकाम, विश्वराज सिंह चौहान, कोरसा सन्नू, संजय शुक्ला, नुपूर वैदिक, भूनेश्वरी यादव, दिलीप पेद्दी, बलीराम नायक, डमरूराम नाग, साई रेडडी, अरुण सिंह भदौरिया जनप्रतिनिधिगण सहित जिला पंचायत सीईओ लक्ष्मण तिवारी, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर प्रताप विजय खेस्स, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सामग्री का भी वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर उनके विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गई। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां भी वितरित की गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक हुईं शामिल

✷ विधायक द्वारा 11 आयुष्मान कार्ड, 09 को केसीसी, 20 को राशन कार्ड एवं 03 लोगों को उज्जवला कनेक्शन का लाभ प्रदान किया गया

कोण्डागांव, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार) । विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ थीम पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कोण्डागांव के जिला मुख्यालय स्थित गुण्डाधुर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलायें, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रदेश को 34 हजार 427 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर विधायक द्वारा 11 लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत कार्ड, 09 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 20 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 03 हितग्राहियों को उज्ज्वला कनेक्शन प्रदान करने के साथ आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी आय में वृद्धि कर लखपति दीदी योजना के तहत लखपति बनने वाली महिला समूह की 04 दीदियों को सम्मानित किया गया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी विभागों द्वारा लगाए गए शिविर में लोगों की समस्याओं के निदान के साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उन्हें प्रदान किया गया। इस दौरान विधायक द्वारा महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी से चर्चा भी की।

घायल ग्रामीण की मदद को पहुचे केरिपु 85बटालियन के जवान

बीजापुर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार) । केरिपु 85वी वाहिनी कैम्प कांवड़गांव को सूचना मिलने पर मेडिकल टीम के साथ ग्राम पहुचकर प्राथमिक उपचार दिये एवं युवक को कंधे में उठाकर 108 मेडिकल एम्बुलेंश तक पहुचाये

शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं को अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीणों तक पहुचाने के उद्देश्य से क्षेत्र के विकास के लिये जिले के अति संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गये है ताकि? क्षेत्र के विकास में बाधक माओवादियों से विकास कार्यो में सुरक्षा प्रदान की जा सके एवं क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान को गति प्रदान की जा सके । विकास की राह में बाधक माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुचाने के उद्देश्य से बुबी ट्रेप, प्रेशर आईईडी जैसे अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते है ।

विगत दिनों थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कांवड़गांव पटेलपारा के ग्रामीण सोना माओवादियों के लगाये गये बुबी ट्रेप की चपेट में आकर घायल हो गये । कैंप कांवड़गांव 85वी बटालियन केरिपु को इसकी सूचना मिलने पर ग्रामीण के घर पहुचकर ग्रामीण को प्राथमिक उपचार दिये एवं घायल ग्रामीण को जवानों कंधे में उठाकर अस्पताल की 108 एम्बुलेंश वाहन तक पहुचाये ।

अपने आप को संवेदन बताने वाले माओवादियों की संवेदना तब कहा जाती है जब ऐसे अनुचित संसाधनों (प्रेशर आईईडी एवं बुबी ट्रेप) की चपेट में आकर निरीह मवेशी एवं निर्दोष ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो जाते है य इन्हे अपनी जान गवानी पड़ती है ।

सुकमा को अंदरूनी गांवों से जोड़ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए 03 नवीन बसों का संचालन प्रारंभ

✷ विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ पीएम संवाद कार्यक्रम

✷ संवेदनशील क्षेत्रों में अब सार्वजनिक आवागमन हेतु हक्कुम मेल की सुविधा से विकास को मिलेगा नया आयाम

सुकमा, 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार) । जिले के माओवाद प्रभावित दशकों से अलग-थलग पड़ गए अंदरूनी इलाकों के लिए चार नई बस सेवा का शुभारंभ शनिवार को ज़िला मुख्यालय सुकमा में आयोजित विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ अभियान के वर्चुअल पीएम संवाद कार्यक्रम के मौके पर किया गया। जिससे अलग-थलग पड़ गए इन गांवों के बीच दूरियां घट जाएंगी और ग्रामीण अपने नाते-रिश्तेदारों से मिलने के साथ ही हाट-बाजारों तथा अन्य कार्यों के लिए भी आसानी से पहुंच सकेंगे। जिले के स्थानीय आदिवासी युवाओं के सुकमा ज़िला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा संचालित उक्त बस सेवा का नाम स्थानीय गोंडी बोली में हक्कुम मेल रखा गया है। शासन-प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शांति स्थापना के साथ ही लोगों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध करने के प्रयासों के तहत इन बसों का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है।

सीमा पर बसे आखिरी गांव के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय में पहुंच कर अपना कार्य करवाने के लिए सार्वजनिक यातायात के साधनों के अभाव में बहुत ही कष्टप्रद कार्य होता था। साधनों के अभाव में या तो वे दूसरों पर अपने कामों के लिए निर्भर हो जाया करते थे या अपने अभावों को अपनी नियति समझ लिया करते थे। ऐसे में वे सुविधाएं जो जिला मुख्यालय में सुगम एवं सस्ती होती है उन्हें प्राप्त करने हेतु दिक्कत होने के साथ ही उन्हें कम गुणवत्ता के महंगे सामग्री एवं सुविधाएं प्राप्त होती थी जिसे देखते हुए ग्रामीणों को विशिष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव तक बारहमासी आवागमन को सुगम बनाने के लिए यात्री बसों का परिचालन प्रारम्भ करने का निर्णय लेकर उक्त सुविधाओं को शुरू किया गया है।